फाइज़र वैक्सीन के बारे में मुख्य 10 तथ्य

1. COVID-19 (कोविड-19) वैक्सीन पहले से ही अब तक की सबसे अधिक अध्ययन की गई वैक्सीन हैं।
2. फाइज़र वैक्सीन का एक अच्छा सुरक्षा रिकॉर्ड है और दुनिया भर में लाखों खुराकें देने के बाद यह प्रभावी साबित हुई है।
3. अधिकांश दुष्प्रभाव हल्के और अल्पकालिक (थोड़े समय के लिए) होते हैं। COVID-19 से होने वाली हानि कहीं अधिक गंभीर और लंबे समय तक रहने वाली हो सकती है।*
4. गंभीर एलर्जी प्रतिक्रिया या दिल की सूजन जैसे कुछ साइड इफेक्ट (दुष्प्रभाव) हैं, जो ज्यादा गंभीर लेकिन बहुत ही कम होते हैं। यदि वैक्सीन (टीका) लगने पर तुरंत अथवा टीके के बाद के दिनों में आपको सांस लेने में कठिनाई, दिल की धड़कन तेज होना, सीने में दर्द या बेहोशी महसूस होती है, तो आपको चिकित्सा सहायता लेनी चाहिए।
5. वैक्सीन आपके DNA (डीएनए) को प्रभावित नहीं करती।
6. इंग्लैंड के आँकड़ों से पता चलता है कि फाइज़र वैक्सीन की दो खुराकें डेल्टा वेरियंट (प्रकार) के खिलाफ अत्यधिक प्रभावी हैं।
7. दुनिया भर के आँकड़ों से पता चलता है कि गर्भवती महिलाओं को COVID-19 वैक्सीन देने के बारे में कोई सुरक्षा चिंताएं नहीं हैं।
8. स्तनपान कराने वाली महिलाएं सुरक्षित रूप से COVID-19 टीका लगवा सकती हैं। ऐसी संभावना है कि वे बच्चे के साथ अपने एंटीबॉडीज़ का साझा करती हैं।
9. जब आप बच्चे के लिए प्रयास कर रहे हों तो आप सुरक्षित रूप से टीका लगवा सकते हैं।
10. अधिकतम सुरक्षा देने के लिए वैक्सीन की दो खुराकों की जरूरत होती है।

HP7755 | 24 Sept 2021 - Hindi

मुझे COVID-19 वैक्सीन कैसे मिल सकती है?



वैक्सीन की दोनों खुराकों के लिए अपनी अपॉइंटमेंट (मुलाकात) बुक करने के लिए, सबसे आसान तरीका ऑनलाइन है:

अपनी अपॉइंटमेंट बुक करने के लिए यहां जाएं:
BookMyVaccine.nz

नहीं तो आप COVID **वैक्सीनेशन हैल्थलाइन को 0800 28 29 26** पर फोन कर सकते हैं (सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक, सप्ताह के 7 दिन) और हम आपके लिए बुकिंग करेंगे और किसी भी प्रश्न का उत्तर देंगे।

* फाइज़र वैक्सीन से होने वाले संभावित दुष्प्रभावों के बारे में अधिक जानकारी के लिए: covid19.govt.nz/vaccine-side-effects पर जाएं।

Te Kāwanatanga o Aotearoa
New Zealand Government

Unite against COVID-19

MINISTRY OF HEALTH
MANATŪ HAUORA

COVID-19 टीकाकरण

तथ्य जानें

यहां वह जानकारी दी गई है जो आपको इस बारे में चाहिए कि फाइज़र COVID-19 वैक्सीन आपकी और आपके whānau (परिवार) की सुरक्षा के लिए कैसे काम करती है।

Te Kāwanatanga o Aotearoa
New Zealand Government

Unite against COVID-19

MINISTRY OF HEALTH
MANATŪ HAUORA

यह वैक्सीन कैसे काम करती है?

आपको जो वैक्सीन मिलेगी वह Pfizer/BioNtech (फाइज़र/बायोएनटैक) द्वारा बनाई गई है। इसमें वायरस का कोई भी हिस्सा शामिल नहीं होता। वैक्सीन से आपको COVID-19 नहीं हो सकता। यहां बताया गया है कि आपकी सुरक्षा के लिए यह कैसे काम करती है।



भेजना (सेंड)

वैक्सीन आपके शरीर को COVID-19 वायरस से लड़ने का तरीका सिखाने के लिए निर्देशों का एक सेट भेजती है।



सीखना (लर्न)

इन निर्देशों से आपका शरीर COVID-19 वायरस को पहचानना और उसके खिलाफ एंटीबॉडीज़ का उपयोग करना सीखता है। एंटीबॉडीज़ वायरस को आपकी कोशिकाओं को संक्रमित करने से रोकते हैं और इसका नाश करने में मदद करते हैं।



सुरक्षा करना (प्रोटैक्ट)

इसका मतलब है कि यदि आप भविष्य में COVID-19 वायरस के संपर्क में आते हैं, तो आपके शरीर के पास खुद को बचाने के लिए सही उपकरण होंगे जिससे आपके बीमार होने की संभावना कम होगी।

वैक्सीन इतनी जल्दी कैसे विकसित हुई?

वैश्विक सहयोग

यह पहली बार है जब दुनिया भर के वैज्ञानिक और सरकारें वैक्सीन विकसित करने के लिए एकजुट हुई हैं। इस वैश्विक सहयोग का अर्थ था कि वैक्सीनें बहुत तेजी से लेकिन आवश्यक प्रक्रियाओं से समझौता किए बिना या सुरक्षा को नजरअंदाज किए बिना विकसित की गईं।

शोधकर्ताओं ने एक प्रमुख शुरुआत की थी

mRNA (एमआरएनए) वैक्सीन नई तकनीक नहीं है और एक दशक से ज्यादा समय से इसका अध्ययन किया जा रहा है, जिसमें मौसमी फ्लू वैक्सीन जैसी अन्य वैक्सीनों की विकास प्रक्रिया भी शामिल है।

असीमित संसाधन

इस टीके को विकसित करने में भारी मात्रा में धन और समय खर्च किया गया है।

कोई शॉर्टकट (छोटा रास्ता या समझौता) नहीं

अनुसंधान विकास के विभिन्न चरण एक ही समय में हुए।

COVID-19 वैक्सीन अन्य वैक्सीनों की तरह सारे ही समान शोध चरणों से गुज़री है।

हमें कैसे पता चलेगा कि वैक्सीन COVID-19 से मेरी रक्षा करेगी?

क्लिनिकल (नैदानिक) परीक्षण

हम जानते हैं कि फाइज़र वैक्सीन काम करती है क्योंकि यह पहले 40,000 से अधिक लोगों के साथ महीनों के नैदानिक परीक्षण से गुज़री थी, इससे पहले कि यह उपयोग के लिए मान्य हुई थी। नैदानिक परीक्षणों ने एक टीकाकरण प्राप्त समूह के परिणामों की तुलना एक अन्य समूह के साथ की, जिसे प्लेसबो (नमक का घोल) मिला था।

नैदानिक परीक्षणों में यह पाया गया कि फाइज़र वैक्सीन ने COVID-19 के लक्षणों के खिलाफ 95% सुरक्षा प्रदान की है।

वास्तविक दुनिया आंकड़े

साक्ष्य से पता चलता है कि डेल्टा वेरियंट (प्रकार) के खिलाफ वैक्सीन बहुत प्रभावी है।

डेल्टा के लक्षणों और विशेष रूप से अस्पताल में भर्ती होने वाली गंभीर बीमारी से बचाव के लिए वैक्सीन की दो खुराकें बहुत प्रभावी हैं।

साक्ष्य यह भी दिखाते हैंकि कुछ टीकाकरण वाले लोग जिन्हें डेल्टा वेरियंट होता है, उन्हें कम लक्षणों के साथ मामूली बीमारी होती है।